# प्रोपर्टी डीलर विजयराज देवासी की हत्या मामले का खुलासा, छह आरोपी दस्तयाब

**सायला**, (निसं)। जालोर जिले क सायला पुलिस थाना क्षेत्र के बावतरा गांव में शुक्रवार रात्रि में प्रोपर्टी डीलर विजयराज देवासी के घर में प्रवेश कर देवासी के साथ लाठियों व पाईपों से कर मारपीट कर हत्या के ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर मुलजिमों व विधि से संघर्षरत किशोर को दस्तयाब किया।

उप महानिरीक्षक ओमप्रकाश पुलिस रेन्ज पाली ने प्रेस वार्ता कर बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए तुरन्त एम.ओ.बी. टीम, एफ.एस.एल. टीम एवं स्वॉन दल को मौके पर बुलाया जाकर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर साक्ष्यों का संकलन किया गया तथा जिला साईबर टीम से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया गया।

वही मृतक विजयराज के जमीनी कारोबार एवं पूर्व में रंजिश के बारे में जानकारी जुटाई गई। साथ ही गांव बावतरा से बाडमेर जाने वाले रास्तो, जालोर साईड आने वाले रास्ते तथा भीनमाल साईड जाने वाले रास्तो पर निगरानी रखते हुए उन रास्तो पर लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरो के फुटेज को गठित टीमो द्वारा देखना शुरू किया तथा करीब 200 सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया। साईबर टीम से तकनीकी सहयोग प्राप्त कर आसूचना का संकलन व साक्ष्य एकत्रित कर संदिग्ध वाहन एवं होटलो के सीसीटीवी कैमरो के फुटेज से तीन मोटर साईकिल पर 7-8 व्यक्तियों का आवागमन होना पाया गया। जिस पर होटल स्टाफ एवं अन्य लोगो से पूछताछ करने पर इनका जीवाणा गांव आना पाया गया। जिस पर



सायला में उप महानिरीक्षक ओमप्रकाश पुलिस रेंज पाली ने प्रेसवार्ता की। फोटो-राष्ट्रदूत

आरोपियों की तलाश शुरू की गई तथा सिरोही, जालोर एवं बाडमेर में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर छह आरोपियों को दस्तयाब किया गया।

## पुरानी रंजिश के चलते की वारदात

मृतक विजयराज व अन्य मुलजिमो ने वर्ष 2019 में दीपसिंह राजपुरोहित के परिवार पर जान से मारने की नियत से हमला कर मारपीट की थी, जिस पर प्रकरण पुलिस थाना सायला पर दर्ज होकर मृतक सहित 7 अभियुक्तो का चालान न्यायालय में पेश किया गया था।

जिससे आपस में रंजिश उत्पन्न होने से खंगारजी पुरोहित के पौत्र देशपालसिंह पुत्र दीपाराम पुरोहित निवासी बावतरा एवं उसके सहयोगीयो द्वारा विजयराज देवासी की हत्या का षडयंत्र रचकर आरोपियों के सहयोग से योजनाबद्ध रूप से घटना को अंजाम दिया गया।

26 जुलाई शाम 7 बजे आरोपी ग्राम बावतरा से रवाना होकर भीनमाल पहुंचा, जहां से स्वयं के पूर्व परिचित सहयोगीगणों को बुलाकर एक होटल में कमरा बुक कर इक्ट्ठा किया गया। वहां पर विजयराज देवासी की हत्या करने की योजना बनाकर तीन मोटरसाईकलो पर सवार होकर भीनमाल से रवाना होकर पोषाणा, तालियाना, बावतरा पहुंच विजयराज देवासी की मौजूदगी के संबंध में रेकी की गई। मुख्य आरोपी के घर बावतरा से लाठी, पाईप इत्यादि हथियार लेकर रात्रि में विजयराज देवासी के घर पहुंचने के बाद रात्रि में सोने पर आरोपियों ने योजनाबद्ध रूप से विजयराज देवासी के रहवासी मकान में प्रवेश किया। जहां 3 अभियुक्त बाहर खडे रहे तथा 5 अभियुक्तो ने मकान के आगे बरामदे में सोते हुए विजयराज की पाईप एवं लाठी से मारपीट कर हत्या कर दी।

## आरोपियों की चालाकी हुई नाकाम

आरोपियों द्वारा घटना से पूर्व व घटना को अंजाम देने के बाद पकड में आने से बचने के लिये टॉल प्लाजा व मुख्य सडक के रास्ते से हट कर मौजुदगी को छुपाते हुये दुर्गम व कच्चे रास्तो का इस्तेमाल किया, परन्तु सजग पुलिस टीमो ने विशेष निगरानी रख गोपनीय तथा विश्वस्त सुत्रो एवं तकनिकी सहायता के आधार पर प्रकरण की घटना को अंजाम देने वालो को 24 घण्टो में दस्तयाब किया गया।

## पूर्व में भी रची थी हत्या की साजिश

आरोपीगण द्वारा घटना को अंजाम देने से पूर्व करीब 4-5 दिन पहले भी मृतक विजयराज देवासी की हत्या के लिए उसके घर पर गये थे लेकिन जैसे ही मुख्य दरवाजा खोला तो कुतो के भौंकने से आरोपी डरकर भाग गये। इस बार जब वारदात करने आये तो एक आरोपी ने डंडे से कुत्तों को भगा दिया।

घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में से 06 आरोपीयों को दस्तयाब कर पुछताछ की जा रही है एवं घटना में शरीक अन्य मुलजिमानो की गिरफ्तारी के लिए गठित अलग-अलग टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर दबीश दी जा रही है।

मृतक के भाई मगनाराम देवासी निवासी बावतरा ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि सरहद बावतरा में पादरु रोड पर कृषि बेरा आया हुआ है। 26जुलाई को मध्य रात्री के बीच घर के आंगन में सो रहे उसके बडे भाई विजयराज पुत्र खीमारामजी उम्र 47 वर्ष की अज्ञात हमलावरों ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार व लाठियों से हमलाकर मारपीट की तथा परिजनों के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। वही गंभीर घायल विजयराज को सायला हॉस्पीटल से प्राथमिक उपचार करवाकर भीनमाल ले जा रहा थे तब बीच रास्ते में ही विजयराज की मृत्यु हो गई। विजयराम की हत्या की सूचना पर देवासी समाज व अन्य समाज के काफी लोग सायला में सरकारी होस्पीटल की मोर्चरी के आगे बैठ गये तथा आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने तक शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार दिया। जिसको लेकर पुलिस पर मामले के शीघ्र खुलासे का भारी दबाव बना हुआ था। वही रविवार को घटना के खुलासे के बाद परिजन व समाजबंधु शव के पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। जिस पर मेडिकल बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# विधायक भाटी ने अधूरी रोड का कार्य करवाने के निर्देश दिए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर के वार्ड संख्या 34 की एक गली में पिछले कई महीनों से सड़क कार्य रुका होने से गली वासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या के समाचार का जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने संज्ञान लिया और आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सोढा को निर्देश दिया कि आने वाले दो दिनों में अधूरी रोड के कार्य की खुदाई करवा कर लेवल सही करवा कर सी सी रोड का उच्च गुणवता वाला कार्य पूर्ण कराएं।

शहर के मोजीज लोगों चम्पालाल, लीलाधर, गेनचंद, कमलादेवी ने खुशी जताई है।

इस दौरान वार्ड वासी और पार्षद सिकंदर अली भी विधायक के कार्यालय पहुंच गए। विधायक द्वारा उनके सामने ही पार्षद को समझाइस कर कहा कि सोमवार को अपने हाथों से अधूरे कार्य को पूरा करवाने की शुरुआत कर जनता की वाजिब मांग को पूरा करें।



जैसलमेर शहर के वार्ड संख्या 34 की एक गली में अधूरे सड़क कार्य को लेकर विधायक छोटूसिंह भाटी ने संज्ञान लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी द्वारा आयुक्त नगरपरिषद को दूरभाष पर अधूरी रोड को दो दिन में पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# पीपा जयंती व भामाशाह सम्मान समारोह संपन्न




जोधपुर में पीपा जयंती का समापन कार्यक्रम व भामाशाह सम्मान समारोह हुआ।

**जोधपुर**, (कासं) । श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट सुभाष चौक, रातानाडा द्वारा पीपा जयंती समापन का समापन व समाज के प्रमुख भामाशाह का सम्मान समारोह संत पीपाजी सभागार में आयोजित किया गया।

अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी आज्ञाराम सोलंकी थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दशरथ सोलंकी, भंवरलाल दहिया, अतुल परिहार, पूसाराम चावड़ा, महेंद्र चौहान, तथा डॉ प्रदीप सोलंकी उपस्थित थे।

इस अवसर पर समाज के प्रमुख भामाशाह आशु लाल दहिया, श्यामसुंदर दहिया, ओम प्रकाश गोयल, महेंद्र दहिया, भंवरलाल दहिया, राजेंद्र सोलंकी, अनूप चंद चावड़ा, भंवरी देवी गोयल, प्रकाश पवार, भीमराज राखेचा, डॉ एम आर दहिया, तेजाराम राखेचा, शोभा देवी राखेचा, मांगीलाल दहिया, तरुण कुमार कछवाह, हमीर सिंह चौहान, बाबूलाल भाटी, विद्यांशु गोयल, दीपाराम सोलंकी का सम्मान किया गया । पीपा जयंती आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी कार्यकर्ताओं का भी इस अवसर पर सम्मान किया गया।

अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा ने बताया कि पीपा जयंती आयोजन को लेकर धन संग्रह करने वाले व साथ ही सामूहिक विवाह आयोजन मे सक्रिय भाग लेने वाले जोधपुर के विभिन्न क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया गया !

ट्रस्ट के त्रिवार्षिक चुनाव की घोषणा भी की गई चुनाव संपन्न करवाने के लिए लाला राम भाटी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर समस्त कार्यकारिणी द्वारा 3 वर्ष में समाज के समस्त कार्य मे समाज के रचनात्मक सहयोग के लिए उपस्थित समाज बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया !

पूर्व अध्यक्ष हस्तीमल चावड़ा, भवर लाल दहिया, भीमराज रखेचा, पूर्व सचिव देवाराम परिहार, संजय सोलंकी, प्रकास पवार, अशोक गोयल, तेजा राम रखेचा ने भी विचार रखे, सभी ने समाज को एकजुट होकर तन मन धन से कार्य करने का आहवान किया

कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी द्वारा सम्पूर्ण आय व्यय का ब्यौरा रखा।

इस अवसर पर कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश दहिया, उपाध्यक्ष सुखा राम गोयल, जगदीश डेरिया, छगन सिंह दहिया, अशोक चावड़ा, विजेंद्र गोयल, खेताराम गोयल, दिलीप सोलंकी, अजराम टाक, भोजराज तवर, गिरधारी दहिया, तुलसी राम गोयल, दुर्गा राम पवार, ओम प्रकाश, नारायण सोलंकी सहित कई जने उपस्थित थे।

## भरत चरित्र कथा आज से शुरू होगी

**रेवदर**, (निसं)। श्री गोधाम महातीर्थ पथमेडा की शाखा श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआ में मंगलमय गोभागवत कथा के सातवें दिन हजारों गौभक्तों को संबोधित करते हुए वृंदावन के मलूक पीठ्ठाधीश्वर राजेंद्रदासजी महाराज ने सुदामा चरित्र की व्याख्या की।

सुदामा ने अपनी पत्नी से कहते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण इतने करुणामय है जो श्री कृष्ण के चरण कमल का स्मरण करता है उन प्रेमी भक्तों को अपने आप तक को दे डालते हैं। ऐसे श्री कृष्ण से किसी वस्तु और प्रदार्थ की कामना करना भारी मूर्खता है। सुदामा कहते है कि मेरी कुछ इच्छा ही नहीं कि भगवान से कुछ मांगू। जिन्हें अभाव की अनुभूति है वो कुछ मांगे। जिसके चित्त की स्थिति भगवान में नहीं है उसे अभाव की अनुभूति होती है। शरीर संसार में जब तक चित्त रहेगा और सारे संसार का वैभव भी मिल जाए तब भी अभाव की निवृति होने वाली नहीं है। खाने के लिए एक अन्न का दाना तक ना हो और पहनने को सूत का एक धागा भी ना हो तो भी अगर चित्त की स्थिति भगवान में है तो अभाव आपका स्पर्श तक नहीं कर सकता है। पत्नी द्वारा भगवान कृष्ण के दर्शन का हवाला देने के बाद द्वारिका पहुंचे सुदामा को लेकर सेवक भगवान श्री कृष्ण को सुदामा के आगमन की सूचना देते ही भगवान श्री कृष्ण ऐसे दौडे कि उन्हें कुछ पता ही नहीं था और सुदामा जी को जोर से गले लगा लिया।

चातुर्मास महोत्सव के दौरान गोभागवत कथा की आज विधिवत रूप से पूर्णाहुति हुई।

# कांकाणी आयुष्मान आरोग्य मंदिर सर्टिफाइड केंद्र बना



जोधपुर ग्रामीण के लूणी खंड का आयुष्मान आरोग्य मंदिर कांकणी जोधपुर जिले का पहला भारत सरकार द्वारा क्वालिटी सर्टिफाइड केंद्र बना है।

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर ग्रामीण के लूणी खंड का आयुष्मान आरोग्य मंदिर कांकणी जोधपुर जिले का पहला भारत सरकार द्वारा क्वालिटी सर्टिफाइड केंद्र बना है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर ग्रामीण डॉक्टर प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि क्वालिटी एश्योरेंस के तहत जोधपुर ठाामीण के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कांकणी सभी मापदंडों पर सफल रहा है। गौरतलब है ही नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसॉर्स सेंटर द्वारा जारी पत्र में राजस्थान के आठ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का चयन हुआ है, जिसमें 79.88 प्रतिशत अंक के साथ कांकणी ने जिले के प्रथम भारत सरकार द्वारा क्वालिटी सर्टिफाइड होने का गौरव प्राप्त किया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम नोडल व अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ रामनिवास सेंवर ने बताया कि हमारी टीम के अथक प्रयासों से जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को बेहतर करते हुए मापदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार से क्वालिटी सर्टिफाइड होने पर कांकणी को 1,25000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष आगामी तीन वर्ष तक मिलेगी। उन्होंने बताया कि कांकणी कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चेतना कंवर राठौड़, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता व आशा के सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि जिले के अधिक से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों को भारत सरकार द्वारा क्वालिटी सर्टिफाइड करवाया जाएगा। डॉ रजत श्रीवास्तव, डॉ. अशोक बिश्नोई व डॉ नरेश दायमा की टीम का अहम योगदान रहा।

## भाजपाइयों ने मन की बात

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मन की बात का लाइव प्रसारण जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का सबसे पसंदीदा कार्यक्रम मन की बात है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड उपस्थित थे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ठ अतिथि के नाते ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी जिलामंत्री भूरसिंह पूर्व नगर अध्यक्ष छगन दास रामावत उपस्थित थे। बूथों पर भी कार्यक्रम हुए।

इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष मंगलाराम सांखला, भाजयुमो जिला कोशाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेडिया, नगर मंत्री व पार्षद हीराराम देवासी, राजू परिहार, ममता माली, धीरज सुंदेशा सहित कई पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जोधपुर एम्स में 25 वर्षीय महिला ने अंगदान किया

■ एक किडनी और लीवर का जोधपुर एम्स में तथा हृदय एवं किडनी का एसएमएस में हुआ प्रत्यारोपण

**जयपुर**। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण का मानवीय मिशन मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को जोधपुर में एक ब्रेन डेड मरीज के अंगदान से 4 लोगों को नया जीवन मिला।

सड़क दुर्घटना की शिकार 25 वर्षीय महिला के परिवार ने जरूरतमंदों को जीवन का उपहार देने के लिए उसके अंगदान करने का फैसला किया। संभावित प्राप्तकर्ताओं के प्रत्यारोपण के लिए दानकर्ता की किडनी, लीवर और हृदय को निकाला गया। सोटो द्वारा किए गए आवंटन के अनुसार एक किडनी और लीवर एम्स जोधपुर को तथा दूसरी किडनी और हृदय एसएमएस अस्पताल जयपुर को आवंटित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने जयपुर एवं जोधपुर जिले के कलेक्टर्स से दूरभाष पर चर्चा कर ठीन कॉरिडोर सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। किडनी को सड़क मार्ग से एसएमएस जयपुर स्थानांतरित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस की मदद से ठीन कॉरिडोर बनाया गया। इसी प्रकार हृदय को पहले एम्स से जोधपुर एयरपोर्ट और फिर हवाई मार्ग से जयपुर लाया गया। उसके बाद ठीन कॉरिडोर बनाकर हृदय को जयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से एसएमएस लाया गया। इस तरह 25 वर्षीय अनीता 4 लोगों को नया जीवन देकर अपनी ओर से अंतिम उपहार दे गई, जो इन चार लोगों के माध्यम से जीवंत रहेगा।

जोधपुर एम्स में पहली बार किसी ब्रेन डेड मरीज का कार्डियक रिट्रीवल किया गया है, जिससे भविष्य में इस तरह की और प्रक्रियाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया को एम्स जोधपुर के ऑर्गन ट्रांसप्लांट टीम द्वारा कार्यकारी निदेशक प्रो. जीडी पुरी, ट्रांसप्लांट टीम के अध्यक्ष प्रो. एएस संधू और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक झा की देखरेख में अंजाम दिया गया। ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया के बाद शव को पूरे सम्मान और प्रतिष्ठा के साथ परिवार को सौंप दिया गया। करुणा का यह कार्य दानकर्ता के परिवार की सहानुभूति के बिना संभव नहीं था, उन्होंने अपार दुःख के क्षण में मानवता के प्रति संवेदना का अनमोल उदाहरण पेश करते हुए अंगदान का महान मार्ग चुना। चिकित्सा पेशेवरों के अटूट समर्पण और एम्स प्रशासन सहित पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के समर्थन के साथ उनके निर्णय ने चार लोगों को जीवन का उपहार दिया।

## एसएमएस अस्पताल टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरी प्रकिया के दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर्स एवं सोटो की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑर्गन रिट्रीवल के लिए एसएमएस अस्पताल से यूरोलॉजी एवं कार्डियोथोरेसिक विभाग से चिकित्सकों की टीम रात को जोधपुर पहुंची। हार्ट रिट्रीवल के बाद सुबह कार्डियोथोरेसिक विभाग की टीम वापस अंग लेकर जयपुर पहुंची और यहां एसएमएस अस्पताल में पहले से तैयार ओटी में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया। इसी प्रकार सड़क मार्ग से आई किडनी का भी सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया। एस्एमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि टीम में वरिष्ठ प्रोफेसर न्यूरोसर्जरी डॉ. मनीष अग्रवाल, सीटीवीएस सर्जरी के डॉ. राजकुमार यादव व डॉ. संजीव देवगढ़ा, एनेस्थिशिया से डॉ. रीमा मीना, डॉ. अंजुम सैयद, यूरोलॉजी से डॉ. रामदयाल एवं डॉ. नीरज अठावाल एवं टांसप्लांट कॉर्डिनेटर लीलम एवं रामरतन शामिल रहे।

## प्रदेश में मजबूती से आगे बढ़ रहा अंगदान कार्यक्रम

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा है कि अंगदान के लिए फर्जी एनओसी प्रकरण के बाद विभाग ने निरंतर प्रयास कर प्रदेश में अंगदान कार्यक्रम को फिर मजबूती से खड़ा किया है। कमेटियों का पुनर्गठन करनं, एसओपी बनानं एवं अंगदान व प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसके चलते केंद्र सरकार ने भी अंगदान की दिशा में राजस्थान की प्रो-एक्टिव एप्रोच को सराहा है।

## डिजिटल कंप्यूटर लैब का लोकार्पण

**जोधपुर**, (कासं) । संसदीय कार्य, विधि व न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को श्री राजाराम आश्रम, शिकारपुरा के गादीपति महंत दयाराम जी महाराज के सान्निध्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोली में डिजिटल कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी एवं पचपदरा विधायक श्री अरुण चौधरी भी साथ रहे।

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने इस अवसर पर कहा कि कंप्यूटर लैब की सुविधा विकसित होने से इस आधुनिक डिजिटल क्रांति के युग में इस विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नवीनतम आइटी तकनीक सीखने और देश की उन्नाति में योगदान करने के लिए बहुत बड़ी सुविधा हो गई है। साथ ही, उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थियों को तकनीकी और बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए रश्मि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि रश्मि वेलफेयर सोसाइटी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोली में अत्याधुनिक डिजिटल कम्प्यूटर लैब का निर्माण करवाकर विद्यार्थियों को डिजिटल युग से जुड़ने की नई सौगात दी है। इस विद्यालय की अपनी एक अलग पहचान है। यहां के विद्यार्थियों ने कई उच्च मुकाम हासिल किए है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब यहां के बच्चे अपनी मेहनत और जुनून से देश दुनिया में इस विद्यालय को एक मॉडल विद्यालय के रूप ने पहचान दिलाएंगे। साथ ही, उन्होंने कहा कि लूणी क्षेत्र के स्कूलों में प्रधानाचार्य के रूम पूर्ण रूप से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थियों का खेल और विज्ञान मेलों में भी प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा अवश्य लगाएं : देवजी पटेल

**सांचौर**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 112 वें संस्करण को जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने सांचौर विधानसभा क्षेत्र झाब मंडल के भूतेल गांव में मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

प्राप्त जानकाी के अनुसार उन्होंने मन की बात कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि आज प्रधानमंत्री और आमजन के बीच की लंबी दूरी को काटने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से देशभर में हो रहे विभिन्न कार्यो पर चर्चा होती हैं, जो युवाओं सहित सभी वर्ग को सकारात्मक ऊर्जा देने का कार्य करती हैं।

उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यक्रम को गति प्रदान होगी एवं हम सभी को पर्यावरण के प्रति हमारी नैतिक कर्तव्यों का बोध होगा।

साथ ही इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण के प्रति बल



सांचौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात का प्रसारण सुना। फोटो-राष्ट्रदूत

मिलेगा। साथ ही बताया कि लॉकल फॉर वॉकल अभियान के माध्यम से स्थानीय व्यापारी, उद्योगपति को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

उन्होनें मैथ्स ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के उत्कर्ष प्रदर्शन की प्रसंशा करते हुए कहा कि खिलाड़ी हमारे देश के लिए गौरव है, हम सब का दायित्व है कि खिलाडियों के उत्हासवर्धन करें।

पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजनों को राहत प्रदान करने हेतु कई सौगातें प्रदान की है।

आज देश में सामान्य नागरिक सम्मान के साथ जीवन यापन कर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार के सभी सदस्य एक समान हैं और आम कार्यकर्ता के रूप में संगठन की सेवा करने वाले अनेकों कार्यकर्ता आज संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, पूर्व सांसद देवजी पटेल, जिला प्रमुख राजेश राणा, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्रीमती डॉ. शीला बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह झाब, झाब मंडल अध्यक्ष रामगोपाल बुडयि, जिला परिषद सदस्य श्रीमती सुशीला देवी डांगी, मंडल महामंत्री रिडमलराम डांगी, नरिंगाराम चौधरी, सोमदान चारण, हिंदूसिंह मूली, आशाराम पुरोहित, हमीराराम डांगी, संतोष कंवर पुरोहित देवडा, देशू देवी गोस्वामी, विमला देवी विश्नोई, भजनलाल आदि मौजूद रहे।